प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.10.2025/प्रादेशिक समाचार/18.00 बजे

## आग्रह

इस बीच मुख्यमंत्री ने केन्द्र से अगले मॉनसून सीजन से पहले प्रदेश में एक सौ 50 स्वचालित मौसम केन्द्र और किन्नौर में एक डॉपलर वैदर रडॉर स्थापित करने का आग्रह किया। उन्होंने नई दिल्ली में विज्ञान व प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह से भेंट के दौरान ये मांग रखी और कहा कि इन प्रणालियों से आपदा की अग्रिम चेतावनी का लाभ मिल सकेगा।

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन शिमला से कुल्लू और चम्बा जिलों के आपदा प्रभावितों के लिए आवश्यक राहत सामग्री से भरे दो वाहनों को रवाना किया। राहत सामग्री में तिरपाल, कम्बल सहित अन्य आवश्यक सामान शामिल है। राज्यपाल ने कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो जिला प्रशासन और स्थानीय प्रतिनिधियों की मांग के आधार पर अतिरिक्त सहायता भेजी जाएगी।

## शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को हासिल करने के लिए शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधार किए जा रहे हैं। सिरमौर जिले के राजकीय विद्यालय भनोग में आज वार्षिक समारोह में उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के सुधारवादी निर्णयों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। रोहित ठाकुर ने बताया कि सरकार की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं से 87 हजार से अधिक विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया है।

## धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि शिक्षा के साथ—साथ खेल, सांस्कृतिक और सहपाठ्यक्रम गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती है। वे आज बिलासपुर जिले में घुमारवीं क्षेत्र के दधोल में स्कूली विद्यार्थियों की जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता के शुभारम्भ पर बोल रहे थे। धर्माणी ने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से जब बच्चे मंच पर प्रदर्शन करते हैं तो उनमें आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति की भावना का विकास होता है।

**जीएसटी–पर्यटन**

वस्तु और सेवा कर– जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 सितंबर से नयी जीएसटी दरें लागू किये जाने को बचत उत्सव का नाम दिया था। जीएसटी की कम दरों से पर्यटन क्षेत्र पर नागरिकों को मिल रहे लाभ पर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट......

**नाहन–भाजपा**

नाहन विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की दुर्दशा को लेकर भाजपा ने आज औद्योगिक क्षेत्र मोगीनंद में सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार की नाकामी से सड़कों की हालत बेहद खस्ता बनी हुई है और हर समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में उच्च मार्गों सहित ग्रामीण सड़कों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। बिंदल ने कहा कि यदि 15 दिनों के भीतर सड़कों की हालत नहीं सुधारी गई तो संघर्ष और तेज किया जाएगा।

**दिशा समिति**

सांसद कंगना रणौत ने अधिकारियों को विकास कार्यों को गति देने और इनमें पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। मण्डी में आज जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक में उन्होंने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों को भी आगे बढ़ाने पर बल दिया।

——————————————